an>

Title:Issue regarding irregularities involved in implementation of Indira awaas Yojana in Uttar Pradesh.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश के संबंध में एक महत्वपूर्ण विÂाय रखना चाहता हूँ। भारत सरकार द्वारा इंदिरा आवास योजना चलायी जा रही है और केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश को धन आवंटित कर दिया जाता है। अभी कुछ ही समय पहले मुझे उत्तर प्रदेश प्रशासन का एक पत्र कहीं से प्राप्त हुआ और पत्र के माध्यम से मुझे जानकारी मिली। मैं अपने जिले की बात करता हूँ। मेरे जिले में 23 प्रतिशत आबादी मायनॉरिटी की है। बाकी में अन्य लोग- दलित, पिछड़े तथा गरीब लोग रहते हैं। लेकिन जो मकानों का आवंटन किया गया है, यदि उसमें पर्सेंटेज निकालें तो टोटल का 77 प्रतिशत मॉयनॉरिटीज के लिए किया गया है। इसके साथ-साथ प्रदेश के कई जगहों पर, जैसे मुजफ्फरनगर में देखें तो मकानों का आवंटन मॉयनॉरिटीज के लिए दिया गया है। बाकी जो अन्य लोग- दलित, पिछड़े तथा गरीब लोग हैं, उन सबके साथ अन्याय किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से सदन से आग्रह करता हूँ कि केन्द्र सरकार की जो योजनाएँ प्रदेश सरकार को जाती हैं, उन योजनाओं में केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करके जो गरीबों-पिछड़ों-दलितों का हक है, उनको पूरा अधिकार मिलना चाहिए। उनके साथ भेदभाव प्रदेश सरकार द्वारा नहीं किया जाना चाहिए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Keshav Prasad Maurya are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhola Singh.